# अमरीकी झंडा

रॉबर्ट हैरिस

चित्र: लॉरी हैमिल्टन



# अमरीकी झंडा



रॉबर्ट हैरिस

चित्र: लॉरी हैमिल्टन



1776 में अमरीका के लोग युद्ध लड़ रहे थे.

अमरीका के लोग इंग्लैंड से मुक्त होने के लिए


संघर्ष कर रहे थे.



उस लड़ाई में पिता और भाई शामिल हुए,


माताओं और बहनों ने भी उस युद्ध में

अपनी मदद की.



मदद करने वाली महिलाओं में एक थीं - बेट्सी रॉस.

एक दिन बेट्सी रॉस अपने घर में आग के किनारे बैठी थीं. उनकी बगल में एक तेल का दीपक जल रहा था. वो एक गाउन सिल रही थीं. उनकी सुई कपड़े में अंदर-बाहर चल रही थी.



तभी बेट्सी रॉस ने बाहर घोड़ों की आवाज सुनी.

कौन है? यह देखने के लिए बेट्सी बाहर निकलीं.

शायद कुछ लोग अपने कपड़े मरम्मत करवाना चाहते हों. बेट्सी रॉस वो काम आसानी से कर सकती थीं. वो एक दर्जी थीं, वो कपड़े सिलती थीं. वो सब कुछ सिलती थीं - टोपी, गाउन और झंडे.



एक ऊंचे आदमी ने उनका अभिवादन किया. वो जनरल जॉर्ज वाशिंगटन थे. उन्होंने मुक्ति की बड़ी लड़ाई में अपने देश के लोगों का नेतृत्व किया था. अब लोग उन्हें "देश का पितामह" बुलाते थे क्योंकि वो बहुत बहादुर थे.

"क्या आप हमारी मदद करेंगी?" जनरल जॉर्ज वाशिंगटन ने बेट्सी रॉस से पूछा.

"मैं आपकी क्या मदद कर सकती हूँ?" बेट्सी ने पूछा.

"मेरे सैनिक लड़ाई में कड़ी मेहनत कर रहे हैं," जनरल ने कहा. "लेकिन जीत दिलाने के लिए उन्हें एक प्रतीक चाहिए. उन्हें एक झंडे की जरूरत है जो इस देश का झंडा हो. क्या आप वो झंडा बना सकती हैं?"



"मैं तुरंत काम शुरू करूंगी," बेट्सी रॉस ने कहा. "लेकिन झंडा कैसा दिखे उस पर हमें पहले कुछ चर्चा करनी चाहिए."



"सितारों और धारियों वाला झंडा कैसा रहेगा?" जनरल वाशिंगटन ने पूछा. "हम अपने तेरह राज्यों को दर्शाने के लिए तेरह सितारों और धारियों का इस्तेमाल कर सकते हैं. हर सितारे के छह कोने हो सकते हैं."



"मुझे वो ठीक लगता है," बेट्सी रॉस ने कहा.
"लेकिन अगर सितारों के पाँच कोने होंगे तो
बेहतर होगा."



"मुझे वो पसंद है," जनरल ने कहा.
फिर उन्होंने झंडे के लिए लाल, सफेद
और नीले रंग चुने.



उसके बाद बेट्सी रॉस ने झंडा बनाना शुरू किया. उन्हें मदद करने में बड़ी ख़ुशी महसूस हो रही थी. जब उन्होंने झंडा तैयार किया तो उन्हें वाकई में गर्व महसूस हुआ. "यह झंडा संयुक्त राज्य अमेरिका का पहला झंडा होगा," उन्होंने कहा.



झंडे ने लोगों को उम्मीद दिलाई. झंडे से उन्हें अपनी जमीन और अपने देश पर गर्व महसूस हुआ.



आज अमरीका का झंडा बहुत कुछ बेट्सी रॉस के बनाए झंडे जैसा ही दिखता है. आज जब अमरीकी लोग अपने झंडे को देखते हैं, तो उन्हें भी अपनी भूमि पर उतना ही गर्व महसूस होता है जितना कि बेट्सी रॉस को हुआ था.